

नवभारत
इंदौर, रविवार, 03 अगस्त, 2025


## एक नजर में

### त्रिलोकेश्वर धर्म रक्षा समिति ने निकाली त्रिलोकेश्वर कलश यात्रा



**उज्जैन।** त्रिलोकेश्वर धर्म रक्षा समिति द्वारा त्रिलोकेश्वर कलश यात्रा निकाली गई। 13 गांवों से एक साथ निकली यह कलश यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई चिंतामण जवासिया में एकत्रित हुई यहां से बाबा महाकाल का जलाभिषेक करने सभी बाबा महाकाल का जयकारा लगाते हुए निकले। संयोजक रविशंकर वर्मा ने बताया कि लेकोड़ा, कांकरिया, मुंडला, लिम्बापिपलिया, हासमपुरा, रनबड़, नीलकंठ, फतेहाबाद, तकवसा, अजराना, कांडारिया, उमरिया, तंकारिया आदि गांवों से कलश यात्रा निकली। यात्रा में 10 हजार से अधिक भक्त एक साथ चिंतामन जवासिया स्थित महाकाल गार्डन पर एकत्रित हुए। यहां से सभी बाबा महाकाल के जयकारे लगाते हुए एक साथ महाकाल मंदिर पहुंचे और बाबा महाकाल को जल चढ़ाते हुए उत्तम वृष्टि, गांवों, प्रदेश, देश में खुशहाली की कामना की।

### औषधीय पौधों का वितरण किया



**उज्जैन।** रघुप्रेम सेवा फाउंडेशन उज्जैन (मध्य प्रदेश), महिला पतंजलि परिवार मध्य प्रदेश (पश्चिम) तथा अंजूश्री नारी शक्ति क्लब द्वारा आचार्य बालकृष्णजी का जन्मदिवस जड़ी बुटी दिवस के रूप में मनाते हुए औषधीय पोधों का वितरण किया। जिसमें मुख्य रूप से अंजुश्री नारी शक्ति क्लब की अध्यक्ष कीर्ति मोढ़, साधनाजी, इंदिरा विजयवर्गीय, सपना जैन, श्रद्धा चौबे, अंजना शुक्ला, अर्चना ज्ञानी, पूजा पांडे, सरिता पांडे, मंजू यादव, नीलम खत्री, अनीता श्रीवास, पीनल भट्ट सहित समस्त बहनें उपस्थित रही। डायमंड किटी की सभी 108 महिलाओं ने सहभागिता की। सभी को उपहार स्वरूप एक-एक औषधीय पौधा दिया गया। अंजना शुक्ला ने औषधीय पौधो के गुणों की जानकारी दी तथा अंत में कार्यक्रम की सूत्रधार योगाचार्य सुषमा यादव का अंजुश्री क्लब ने सम्मान किया। सभी का आभार सुषमा यादव ने किया।

### देश की सेवा कर घर लौटे सेवानिवृत्त वीर सपूत का स्वागत



**उज्जैन (निप्र)।** भारतीय सेना की सिगनल रेजीमेंट से अपनी 22 वर्ष की सेवा पूर्ण कर एसीपी हवलदार वीरेंद्र मीणा सेवानिवृत्त होकर देश की सेवा कर सकुशल घर आने पर एमआईसी सदस्य व पार्षद वार्ड 06 एवं संस्कृति रक्षक मंच अध्यक्ष शिवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने गर्मजोशी के साथ जगह जगह पुष्पमालों से और पुष्पवर्षा कर किया भव्य स्वागत। दीपक सैनी ने बताया की स्वागत समारोह के दौरान तिवारी ने कहा की एक फौजी अपने माता-पिता,भाई- बहन घर परिवार से दूर अकेले जंगलों में रहकर देश की सेवा में देश की सेना के साथ हर मौसम में समर्पित रहकर अपनी जान जोखिम में डालकर देश के नागरिकों की सुरक्षा में जुटा रहता है। जब वह अपना काम पूरा कर देश की सेवा समाप्ति पश्चात सकुशल घर वापसी करता है तो उसके चेहरे की रोनक अलग ही झलकती है। ऐसे वीर जवान की झलक देखने हर कोई उत्सुक रहता है। तिवारी ने कहा कि वीरेंद्र मीणा जैसे सैनिक हमारे समाज की शान हैं7 जिन्होंने सीमाओं पर रहकर देश की रक्षा की है और हमें सुरक्षित रखा है। संस्कृति रक्षक मंच के कार्यकर्ताओं व क्षेत्रवासियो ने पुष्पमाला पहनाकर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। हर कोई फूल माला लिए रिटायर्ड फौजी का स्वागत सत्कार करने को आतुर था। इस अवसर पर रघुनाथ चौहान, मोहन चौहान, दीपक सैनी, आशीष प्रजापत, बालकृष्ण राठौर,विजय बैरागी सहित बड़ी संख्या मे महिला पुरुष सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### लायंस क्लब अभिनव कपल के अध्यक्ष राजेश सोनी, सचिव जितेंद्र चौहान मनोनीत



**उज्जैन।** लायंस क्लब अभिनव कपल के गाइडिंग लायन संजय सक्सेना की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से वर्ष 2025-26 के लिए लायन राजेश सोनी को अध्यक्ष, लायन जितेंद्र सोनी को सचिव एवं लायन दौलत सोनी को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। नवीन कार्यकारिणी में प्रथम उपाध्यक्ष लायन पुनीत सोनी, द्वितीय उपाध्यक्ष लायन ठाकुर सोनी, तृतीय उपाध्यक्ष लायन प्रकाश सोनी, सह सचिव लायन शिवम सोनी, सहकोषध्यक्ष लायन बंटी सोनी और क्लब एडमिनिस्ट्रेटर लायन वीपिन सोनी को मनोनीत किया गया।

### संत डॉ. अवधेशपुरी महाराज ने किया पौधारोपण



**उज्जैन।** सेवाधाम आश्रम उज्जैन में महात्मा अंकित की 41वीं जन्म जयंती पर 34वें राष्ट्रीय वर्षा मंगल महोत्सव एवं मित्र मिलन महोत्सव अंतर्गत संत डॉ. अवधेशपुरी महाराज, आश्रम संस्थापक सुधीर गोयल एवं मां शारदा बालिकागृह की विशेष बालिकाओं सहित आगंतुकों ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर अवधेशपुरी महाराज ने कहा कि यह एक ऐसा अनूठा सेवा का प्रकल्प है जिसे देश ही नही वरन विदेशी भी देखकर मानवीय सेवाओं को सीखते है। यह मानव सेवा का कॉलेज है जिसमें मानवीय सेवाओं की विविधता देखने को मिलती है। हमारी सनातन संस्कृति भी यही कहती है।

### 3 अगस्त को त्रिवेणी से निकलेगी श्रीमल्हार कावड़ यात्रा

**उज्जैन।** 3 अगस्त रविवार को प्रात: 7 बजे शनि मंदिर, त्रिवेणी घाट (शनी मन्दिर) से श्रीमल्हार कावड़ यात्रा निकलेगी। श्री मल्हार कावड़ यात्रा का यह तीसरा वर्ष है। आयोजक सुरेशराव थोपटे ने बताया कि कांवड़ में क्षिप्रा नदी, गंगा जल लेकर घाट पर कावड़ का पूजन कर कावड़ यात्रा प्रारंभ होगी। रास्ते में श्रद्धालुओं के द्वारा स्वागत किया जाएगा। कावड़ यात्रा त्रिवेणी घाट से महामृत्युंजय गेट, शांति पैलेस, हरिफाटक ब्रिज, इंदौर गेट, फव्वारा चोक, कंठाल, सतीगेट, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, गुदरी चौराहा होते हुए श्री मल्हार मार्तण्ड मन्दिर पहुंचेगी।

# ओम नम : शिवाय का जाप कर निराश्रित बुजुर्गों को किया अन्नदान

नवभारत न्यूज

**उज्जैन। युवा मंच सत्संग समिति के तत्वावधान में उज्जैन नगर के 100 निराश्रित बुजुर्गों को प्रतिमाह 10 किलो गेहूं प्रति बुजुर्ग को दिया जाता है। इसी कड़ी में अगस्त माह का गेहूं 1 अगस्त को वितरण किया गया। इस दौरान पहले ओम नम: शिवाय का सभी ने जाप किया तत्पश्चात गेहूं वितरण किया गया।**

समाजसेवी अजीत मंगलम के अनुसार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार अर्जुन चंदेल, श्री महाकाल मंदिर के मुख्य पुजारी महेश पुजारी, भाजपा के वरिष्ठ नेता आजम शेख, पंकज खंडेलवाल समाजसेवी अतिथि थे। गेहूं वितरण कार्यक्रम में गेहूं वितरण समिति संयोजक राजेश राणा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम हिरदेश्वर महादेव मंदिर हीरा मिल परिसर जीरो पॉइंट ब्रिज के पास कार्यालय पर संपन्न किया गया। अतिथि का स्वागत साफा बांधकर एवं पुष्प माला पहनाकर मंच अध्यक्ष मनोहर परमार, उपाध्यक्ष महेश सोनोने, सचिव विजय तिवारी, सह सचिव पारस कुमार जैन, कोषाध्यक्ष पंडित



संतोष शर्मा, कार्यालय प्रभारी अशोक कपूर, धर्मेंद्र जैन रूप सिंह बुंदेला ने किया। अतिथियों का स्वागत मंच के वरिष्ठ लीलाधर आडतीया, ओम आरोड, मोतीलाल चौहान, महेंद्र रामी, किशोर भाटी, लक्ष्मण पटेल, दिनेश परमार, हेमराज परमार, महेंद्र कटियार, मनोज सक्सेना, रोशन चौधरी, दीपक राव ने किया।

> महिला मंच सत्संग समिति संयोजक गीता रामी, अध्यक्ष पिंकी यादव, सचिव लक्ष्मी लश्करी, सह सचिव रीता राठौर सहित मंच की बहनों ने सेवाएं दी। लायंस क्लब उज्जैन महाकाल मंच का सदा ही सहयोग करता है। लायंस क्लब उज्जैन महाकाल के अध्यक्ष लायन राजेंद्र सिंह गिल, लायन कैलाश डागा, लायन रवि भंडारी, लायन पंकज त्रिवेदी ने भी सहयोग किया। गेहूं वितरण में 3 क्विंटल गेहूं श्याम सुंदर गुप्ता उद्योगपति द्वारा, 1000 रूपये कल्पना कातरे द्वारा, 30 किलो गेहूं माधव ठाकुर की ओर, रोशन चौधरी द्वारा 25 किलो गेहूं बुजुर्गों को वितरण हेतु दिया। सभी अतिथि, दानदाता का आभार मंच संस्थापक गोपाल बागरवाल ने माना।



## विकासखंड स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता आयोजित

**घट्टिया। शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान पर स्कूल शिक्षा विभाग की विकासखंड स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता बालक बालिका के विभिन्न वर्गों में आयोजित की गई।** उक्त प्रतियोगिता में विकासखंड के सांदीपनि विद्यालय घट्टिया, शाश्वत एकेडमी रलायती, कार्मल हाई सेकेंडरी स्कूल कमेड, मॉडल स्कूल घट्टिया, शाश्वत इंटरनेशनल स्कूल उज्जैनिया के खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉडल स्कूल प्राचार्य अनिल कैन व सान्दीपनि विद्यालय प्राचार्य सुनील नामदेव ने किया। अतिथियों द्वारा ग्राउंड का पूजन किया गया। प्रतियोगिता बालक वर्ग में अंडर-19 संदीपनी विद्यालय विजेता, कार्मल हाई सेकेंडरी स्कूल कमेड उपविजेता तथा बालक वर्ग अंडर 17 में शाश्वत एकेडमी विजेता तथा सांदीपनि विद्यालय उपविजेता रहा।

## चंदनबाला की निश्रा में उग्र, कठोर तपस्याओं का अनवरत क्रम जारी

**महिदपुर। आज खरतरगच्छ श्री संघ के सदस्य पपू चंदनबाला श्रीजी मसा आदि ठाणा 5 के चल रहे चातुर्मास में तपस्या करने वाले तपस्वियों की सुख शाता पूछने उनके निवास पर गये। इनमें सबसे पहले विशाल कोचर के आज चौदह उपवास, महक संयम चौपड़ा चौदह उपवास, पूजा अर्पित चौपड़ा उन्नीस उपवास, कु.लब्धि मिथुन नाहर आठ उपवास,कु.धन्वी सुमित चौपड़ा के 5 उपवास चल रहे हैं और सभी तपस्वी आगे बढ़ने के भाव बनाये हुवे हैं।** हम सभी उनकी सुख साता पूछते हुवे तप की अनुमोदना बारंबार करते हैं।इस अवसर पर संघ अध्यक्ष एवं चातुर्मास लाभार्थी सरदारमल संदीप चौपड़ा,चातुर्मास समिति अध्यक्ष श्रीपाल चौपड़ा, संघ सचिव सुभाषचंद्र चपडीबंद चौपड़ा, अजय धाडीवाल,संजय आशीष चौपडा, डॉ. विपुल धाडीवाल के अलावा सीमा संजु,पिंकी, संगीता उपस्थित



थे।सभी दूर चौबीसी जयकारों के साथ अनुमोदना की गई। सभी की तपस्याएं साता पूर्वक सम्पन्न हों, ऐसी शुभकामनाएं संघ अध्यक्ष सरदारमल चौपडा ने दी।सीमा चौपड़ा ने जानकारी दी।

चौमासे में दि.18 से हर शुक्रवार को माता पद्मावती जी के एकासने चालू कर दिए गए हैं जिसमें एकासने के लाभार्थी परिवारों से माताजी की क्रिया कराते हैं जिसमें उनकी अष्टप्रकारी पूजा करवाई जाती हैं।माताजी को आभूषण, वस्त्र आदि चढाये जा रहे हैं।सभी मिठाई,अक्षत फल चढ़ाकर सामूहिक लाभ ले रहे हैं। एकासने भी अधिक हो रहे हैं। ये एकासने महिदपुर में पहली बार हो रहे हैं।पुरुष वर्ग भी एकासने कर रहे हैं।भक्ति के रंग-शक्ति के संग इस तरह एकासने चल रहे हैं।अन्य उग्र,कठोर और दृढ़ प्रतिज्ञ तपस्याएं भी चल रही हैं।



## संत जोसेफ कॉन्वेंट विद्यालय में शपथ ग्रहण समारोह

नवभारत न्यूज

**महिदपुर। छात्रों में नेतृत्व क्षमता एवं उत्तरदायित्व भावना जागृत करने के उद्देश्य से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संत जोसेफ कॉन्वेंट विद्यालय महिदपुर में दिनांक 2 अगस्त को गरिमापूर्ण शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्रबंधक फादर जार्ज वडेक्कल ने दीप प्रज्जवलित कर किया।** विद्यालय प्राचार्य सोबी थॉमस सर ने अपने स्वागत भाषण के माध्यम से छात्रों को नेतृत्व अनुशासन और सेवा भावना के महत्व को समझाया। इसके पश्चात विद्यालय प्रबंधक फादर जार्ज वडेक्कल एवं मदर सुपरिंटेंडेंट सिस्टर जॉर्जिया ने प्राचार्य एवं उप प्राचार्य के साथ नवनियुक्त छात्रों को बेच प्रदान किए। इसके बाद हेड गर्ल आयुषी परमार और हेड बॉय विरम सेवक के साथ सभी नवनियुक्त छात्र प्रतिनिधियों ने विद्यालय ध्वज को साक्षी मान शपथ ग्रहण की। तत्पश्चात हाउस की परेड का आयोजन किया गया। तत्पश्चात प्रबंधक ने सभी नवनियुक्त छात्रों को शुभकामनाएं प्रदान कर कर्त्तव्य के महत्व को समझाते हुए उनके सुखद भविष्य की कामना की। ग्रीनहाउस की ओर से छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रदर्शित किए। उप प्राचार्य अनीश थॉमस सर के धन्यवाद भाषण के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया।

## 50 से अधिक छात्रों का चयन हुआ

**उज्जैन। 1 अगस्त को उज्जैन स्मार्ट सिटी इनक्यूबेशन सेंटर द्वारा आयोजित इंटरशिप ड्राइव में शहर के करीब 250 छात्रों और 20 से अधिक स्थानीय स्टार्टअप्स ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सिंहस्थ मेला कार्यालय, कोठी रोड स्थित द्वितीय तल पर हुई इस पहल का उद्देश्य उज्जैन को स्टार्टअप और प्रतिभा आधारित नवाचार का उभरता हब बनाना है।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्टार्टअप इंडिया मिशन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन और उद्यमिता को बढ़ावा देने के विज़न के अनुरूप उज्जैन स्मार्ट सिटी इनक्यूबेशन सेंटर पर यह एक सार्थक पहल रही। स्टार्टअप्स को सशक्त बनाकर युवाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में यह प्रयास उज्जैन को एक नवाचार



> कार्यक्रम का शुभारंभ उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड की नोडल अधिकारी तोशिबा दशोरा के उद्घाटन भाषण से हुआ, जिसमें उन्होंने छात्रों को इंटरशिप ड्राइव की प्रक्रिया और उसके लाभों के बारे में जानकारी दी। ड्राइव में पूर्व-पंजीकृत उम्मीदवारों के साथ-साथ वॉक-इन छात्रों को भी इंटरव्यू का अवसर प्रदान किया गया, जिससे अधिक से अधिक प्रतिभागियों को लाभ मिला। इस अवसर पर उज्जैन स्मार्ट सिटी इनक्यूबेशन सेंटर की टीम ने कहा हमारा प्रयास है कि उज्जैन की स्थानीय प्रतिभाओं को व्यावसायिक दुनिया से जोड़कर उन्हें कौशल विकास और करियर निर्माण के अवसर दिए जाएं। यह इंटरशिप ड्राइव उसी दिशा में एक सार्थक प्रयास है।

आधारित शहर के रूप में आगे ले जा रहा है। ड्राइव में छात्रों ने तकनीकी, डिजिटल मार्केटिंग, कंटेंट, डिजाइन, व्यवसाय विकास, और संचालन सहित विभिन्न डोमेन्स में इंटर्नशिप के लिए आवेदन किया। छात्रों ने ऑन-द-स्पॉट इंटरव्यू दिए।

## राठौर समाज का जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 17 को

**उज्जैन।** वीर दुर्गादास राठौड़ की 387वीं जयंती के शुभ अवसर पर श्री राठौर क्षत्रिय (तेली) समाज ट्रस्ट उज्जैन द्वारा दिनांक 17 अगस्त रविवार को प्रात: 10 बजे से जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह समाज की धरोहर - राठौर धर्मशाला, कार्तिक चैक, उज्जैन पर आयोजित होने जा रहा है।सचिव धर्मेन्द्र मगरवा के अनुसार राठौर (तेली) समाज के प्रतिभाशाली बच्चे जिन्होंने एमपी बोर्ड या सीबीएसई बोर्ड में कक्षा 10वीं व कक्षा 12वीं में 70 प्रतिशत अंक या अधिक अंक प्राप्त किए हो ऐसी जिला स्तरीय प्रतिभाओं को उज्जैन राठौर समाज मेरिट लिस्ट के आधार पर पृथक पृथक रूप से प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार राशि से सम्मानित करेगा। इस वर्ष उज्जैन राठौर समाज ने जिला स्तरीय प्रतिभाओं के 1 लाख रूपये राशि (शिक्षा दान) के पुरस्कार देने का शुभ संकल्प लिया है।

## बहुचर्चित बिछड़ौद लव जिहाद कांड में आरोप पत्र पेश

नवभारत न्यूज

**घट्टिया। थाना क्षेत्र के गाव बिछड़ौद खालसा के बहुचर्चित लव जिहाद कांड में उज्जैन पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया।** ज्ञात हो कि गत महीनों पहले बिछडोद खालसा में मुस्लिम समुदाय के युवकों द्वारा सामुह बनाकर नाबालिग बालिकाओं व युवतियों को बहला फुसलाकर उनके के शोषण, धमकी देकर धर्मांतरण एवं आपत्तिजनक वीडियो बनाने का मामला सामने आया था। गाव के लोगों व हिन्दूवादी संगठनों की सजगता के बाद मामले का पर्दाफाश हुआ था। उक्त लव जिहाद मामले में पुलिस ने शोषण, वीडियो बनाकर बहुप्रसारित करने, धमकाने आदि आरोपों मे ग्यारह आरोपितों को गिरफ्तार किया था मामले की जांच पड़ताल के बाद आगे की कार्रवाई जारी है। गिरफ्तार आरोपितों फरमान पिता उस्मान मंसूरी, इकरार पिता मजीद, जुबैर पिता हबीब, जुनेद पिता हबीब, राजा उर्फ अख्तर पिता अकबर, मुश्ताक पिता हमीद, अल्ताफ होटल मैनेजर विजय प्रजापत (कमरा उपलब्ध कराने हेतु), सहयोगी अरबाज उर्फ मुजफ्फर कुल 9 आरोपित व 2 बाल अपचारी जिन्हें बाल संप्रेषण गृह भेजा।

मार्गदर्शन | क्षीर सागर कुश्ती एरिना ग्राउंड, उज्जैन में संपन्न हुआ

# उज्जैन में तृतीय राज्य स्तरीय परंपरागत लाठी खेल स्पर्धा का भव्य शुभारंभ

**उज्जैन। मध्यप्रदेश में परंपरागत लाठी खेल को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने हेतु आयोजित तृतीय राज्य स्तरीय परंपरागत लाठी खेल स्पर्धा का शुभारंभ 2 अगस्त को क्षीर सागर कुश्ती एरिना ग्राउंड, उज्जैन में हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ संपन्न हुआ।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विक्रम विश्वविद्यालय के सिंडिकेट सदस्य राजेश सिंह कुशवाह ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि खिलाड़ी भारत माता के भाल पर तेजस्विता का तिलक हैं। वे अपने खेल कौशल, तकनीकी आधार और अनुशासन से राष्ट्र को गौरवान्वित करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्या भारती मालवा प्रांत के सह सचिव अनुराग जैन ने की। उन्होंने कहा कि लाठी भारतीय परंपरा का एक शक्तिशाली एवं रक्षात्मक हथियार है। वर्तमान समय में युवाओं को सशक्त एवं आत्मरक्षित बनाने में इसकी महती भूमिका है। विशेष अतिथियों में भारतीय परंपरागत लाठी खेल संघ के अध्यक्ष ठाकुर शिव प्रताप सिंह, राजपाल सिंह सिसोदिया एवं आनंद पंड्या सम्मिलित हुए। प्रतियोगिता की जानकारी राज्य परंपरागत लाठी संघ के संस्थापक अरविंद जोशी द्वारा प्रदान की गई। स्वागत उद्बोधन प्रादेशिक अध्यक्ष गोपाल माहेश्वरी ने प्रस्तुत किया। आयोजन के सूत्रधार शैलेंद्र व्यास रहे।




इस अवसर पर उज्जैन के कुश्ती अखाड़े के गुरुओ एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए महेश ठाकुर, हुकुमचंद सांखला, अंतर सिंह गहलोत, गणेश बागड़ी, पोप सिंह, मधु पहलवान, महिला गुरुजी लता देवी मंडावरा, मोहन सिंह का शाल, श्रीफल, दुपट्टा एवं मूवमेंट स्मृति चिह्न से विशेष सम्मान किया गया। अतिथियों का स्वागत प्रादेशिक सचिव प्रमोद विश्वकर्मा, राजेश यौहान, जिला अध्यक्ष अभिलाष जैन, विनोद बुंदेला, करुणा शितोले, पूजा चौहान, विशाल सोलंकी, पवन पंवार, संजय सिंह बैस एवं किशोर साकेत ने किया। राज्य इकाई द्वारा सभी अतिथियों को विशिष्ट स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष अभिलाष जैन द्वारा किया गया। इस दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के 18 जिलों से आए 350 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।